दिनांक– 10/08/2024 समय: 2.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित स्वयं सहायता समूह सम्मेलन और बहनों के साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना के तहत राशि का अंतरण कर रहे है। इसके तहत प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को हर महीने मिलने वाली 1 हजार 250 राशि के अतिरिक्त 250 रुपए रक्षाबंधन पर्व के शगुन के रूप में उनके बैंक खातों में भेजे जा रहे है। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना के हितग्राहियों को 3 सौ 32 करोड़ की राशि एवं गैस रिफील योजना में 52 करोड़ रूपये की राशि का अंतरण भी किया जाएगा ।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज टीकमगढ़ में लाड़ली बहना षगुन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बहनों से राखी बधवाई । इस अवसर पर केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार भी मौजूद थे।

....

चिकित्सा क्षेत्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज के दौर में चिकित्सा क्षेत्र का अत्यंत महत्व है। इसलिये चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर से बेहतर उपचार की व्यवस्थाएं होनी चाहिए। एम्स भोपाल में तीन दिवसीय 20वें अखिल भारतीय अकादमिक आपातकालीन चिकित्सा सम्मेलन दीक्षान्त एवं पुरस्कार समारोह का शुभारंभ करते हुये उन्होंने कहा कि जीवन बचाने का कार्य चिकित्सक ही करते हैं, यह बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में विचारों के मंथन से इमरजेंसी मेडिसिन की दिशा में बेहतर कार्य होगा।

....

विश्व षेर दिवस

आज विश्व षेर दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जंगल के राजा के सरंक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। विश्व स्तर पर शेरों की कम हो रही संख्या को देखते हुए इनके संरक्षण के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है।

भारत में सांस्कृतिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी शेरों के संरक्षण का महत्व और बढ़ जाता है। हमारा देश एशियाई शेरों के लिए सुरक्षित स्थल है। एशियाई शेर केवल गुजरात के गिर जंगलों में मिलते हैं।

15 अगस्त 2020 को घोषित प्रोजेक्ट लॉयन एशियाई शेरों के भविष्य के लिये महत्वपूर्ण पहल है। इस परियोजना के तहत शेरों के पर्यावास में सुधार लाना, उन्नत प्रौद्योगिकी से निगरानी और मनुष्य –वन्य जीव संघर्ष को कम करने के प्रयास शामिल हैं।

....

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर मानसूनी गतिविधियां शुरू हो गई है। कल भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत 18 जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। प्रदेश में चक्रवात और मानसून ट्रफ लाइन की वजह से 22 जिलों में आज भी तेज बारिश का अलर्ट है। हालांकि, 11 अगस्त से बारिश की एक्टिविटी घट जाएगी और कहीं–कहीं बूंदाबांदी, गरज–चमक की स्थिति बनी रहेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक मानसून ट्रफ लाइन एक्टिव है। मानसून ट्रफ प्रदेष के कई जिलों से होकर गुजर रही है। इस वजह से आज उत्तरी और पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है। बाकी जिलों में गरज–चमक और हल्की बारिश होने का अनुमान है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सतना जिले में भी 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार गतिविधियां और कार्यवाहियां संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।
- शिवपुरी जिले में बेरोजगारों युवाओं को रोजगार देने की पहल करते हुए कल जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया।
- आगरमालवा कृषि उपज मंडी में आज से 12 अगस्त तक अवकाश रहेगा। अवकाश दिनों में नीलामी कार्य बंद रहेगा।

....